उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक/Ref. No. : ....25....................                                                                 दिनांक/Date : ....9/9/2021....

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (मु0)
उतराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम
देहरादून।

विषय— **उत्तराखण्ड पेयजल निगम के अन्तर्गत कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) (पद कोड—131 व 532/214/24/2020) में चयनित अभ्यर्थियों की चयन संस्तुति प्रेषित किए जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया आयोग कार्यालय के पत्र संख्या—74 दिनांक 15.07.2021 एवं पत्र संख्या—93 दिनांक 12—08—2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उत्तराखण्ड पेयजल विभाग के अन्तर्गत **कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल)** पद कोड—131 व 532/214/24/2020) में 79 एवं 33 चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति हेतु चयन संस्तुति प्रेषित की गई। उपरोक्त के संदर्भ में अवगत कराना है कि :—

1. उत्तराखण्ड पेयजल एवं निर्माण विभाग के क्रमशः पत्र संख्या—254 दिनांक 17—05—2019 एवं पत्र संख्या—576 दिनांक 14.11.2019 के द्वारा **कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल)** के **100 एवं 121 रिक्त** पदों पर भर्ती हेतु प्रेषित अधियाचन के क्रम में आयोग की विज्ञप्ति दिनांक 09 जुलाई, 2019 द्वारा **कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) (पद कोड—131)** के रिक्त **100** पदों एवं विज्ञप्ति दिनांक 28 फरवरी, 2020 के द्वारा **कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) (पद कोड—532/214/24/2020) के** रिक्त **121** पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया।
2. जारी विज्ञप्ति के अनुसार **पद नाम—कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) (पद कोड—131 व 532/214/24/2020)** के पदों पर आयोग के द्वारा **दिनांक 19 दिसम्बर, 2020 एवं 20 दिसम्बर, 2020 को तीन पालियों** में ऑनलाइन के माध्यम से लिखित परीक्षा आयोजित की गई। लिखित परीक्षा के आधार पर विभिन्न चरणों में किए गये अभिलेख सत्यापन के उपरान्त आयोग के उक्तांकित पत्रों के द्वारा उत्तराखण्ड पेयजल एवं निर्माण विभाग के पत्र दिनांक 03.06.2021 के द्वारा चयनित अभ्यर्थियों की शीघ्र चयन संस्तुति प्रेषित किए जाने के अनुरोध के क्रम में पद कोड—133 एवं 532 के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों की चयन संस्तुति आपको प्रेषित की गईं।
3. उल्लेख करना है कि अभिलेख सत्यापन के उपरान्त कतिपय चयनित अभ्यर्थियों के प्रकरण विचाराधीन होने के दृष्टिगत प्रकरणों का परीक्षण किया गया। उक्त के अतिरिक्त आयोग के पत्र दिनांक 15.07.2021 के द्वारा प्रेषित चयन संस्तुति के क्रमांक—71 पर अंकित अभ्यर्थी के द्वारा आवेदन पत्र में श्रेणी OBC एवं Sub.Cat.-EWS अंकित किए जाने के दृष्टिगत अभ्यर्थी के समान अन्य अभ्यर्थियों (CAT-OBC, SUB CAT-EWS) के प्रकरण आयोग स्तर पर विचाराधीन होने के कारण उक्त अभ्यर्थी की चयन संस्तुति अग्रिम निर्णय तक स्थगित रखने का अनुरोध किया गया।
4. उपरोक्त के क्रम में अवगत कराना है कि **कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) (पद कोड—131 व 532/214/24/2020) के** विचाराधीन प्रकरणों के सम्बन्ध में मा0 आयोग की दिनांक 26—07—2021 को आयोजित बैठक के **बिन्दु संख्या—01** के अनुसार "ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने SC, ST या OBC श्रेणी के साथ—साथ EWS आरक्षण को भी आवेदन में चुना है उन सभी को कारण बताओ नोटिस दिया जाय व उनके मामले में अंतिम निर्णय होने तक उनका चयन स्थगित रखा जाय। " का निर्णय लिया गया।
5. अतः मा0 आयोग के द्वारा दिए गये निर्णय के अनुसार विचाराधीन प्रकरणों का विधिवत् परीक्षण किए जाने पर प्रकरणों का निस्तारित करते हुए **कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) (पद कोड—131 व 532/214/24/2020)** के

पद पर 12 अभ्यर्थियों के अभिलेख, अधियाचन व नियमावली के अनुरूप पूर्ण पाए जाने पर निम्नांकित तालिका के अनुसार अंकित अभ्यर्थियों की नियुक्ति हेतु चयन संस्तुति की जाती है:—

**कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) (पद कोड—131 व 532/214/24/2020) :—**

| S. N. | Roll_No | Candidate Name | Father | DOB | Gender | Categ. | Sub Cat. | Total Marks | Exam Gen. Rank |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 151802032321 | ANKIT SINGH | SOBAT SINGH | 5/10/1996 | Male | GEN | NA | 88.82410 | 2 |
| 2 | 170302013437 | PRABHAT JOSHI | DHARMENDRA JOSHI | 1/19/1998 | Male | GEN | NA | 83.71507 | 20 |
| 3 | 170502021117 | PANKAJ BISHT | KRISHAN MOHAN SINGH BISHT | 6/15/1993 | Male | GEN | NA | 82.57468 | 29 |
| 4 | 170502021176 | ABHISHEK SINGH MANRAL | MAHESHWAR SINGH MANRAL | 7/22/1996 | Male | GEN | NA | 82.31466 | 34 |
| 5 | 151802012713 | DEEPAK SINGH BIST | PAN SINGH | 2/6/1995 | Male | GEN | NA | 81.61665 | 38 |
| 6 | 152602010837 | SONAM RANA | JAY SINGH RANA | 4/2/1996 | Female | OBC | NA | 76.63290 | 112 |
| 7 | 150802030656 | SULTAN SINGH | MADAN SINGH | 7/10/1994 | Male | SC | NA | 73.76393 | 205 |
| 8 | 152702032550 | SONIYA | MAHENDRA SINGH | 7/11/1996 | Female | GEN | NA | 73.53224 | 220 |
| 9 | 170402020811 | ASHA MEHRA | JEEVAN SINGH MEHRA | 2/1/1995 | Female | GEN | NA | 73.47404 | 224 |
| 10 | 151802032214 | NEETIKA | BIJENDER DATT TIWARI | 8/21/1996 | Female | OBC | NA | 69.13003 | 412 |
| 11 | 150702023756 | SHIVANI NAUTIYAL | SHIV KUMAR NAUTIYAL | 6/5/1998 | Female | OBC | NA | 68.79371 | 425 |
| 12 | 150602032202 | SHASHIMOHAN | HUKAM LAL | 4/1/1998 | Male | SC | PH | 64.49614 | 661 |

उपरोक्त के आधार पर स्पष्ट करना है कि :—

- उक्त तालिका के **क्रमांक—11** पर अंकित अभ्यर्थी की पूर्व में आयोग के पत्र दिनांक 15.07.2021 के द्वारा चयन संस्तुति (**क्रमांक—71**) प्रेषित की गई, किन्तु उक्त अभ्यर्थी के समान अन्य अभ्यर्थियों (CAT-OBC, SUB CAT-EWS) के प्रकरण आयोग स्तर पर अग्रिम निर्णय हेतु विचाराधीन होने के दृष्टिगत आयोग के पत्र दिनांक 22—07—2021 के द्वारा उक्त अभ्यर्थी के चयन संस्तुति को आयोग के अग्रिम निर्णय तक स्थगित रखने का अनुरोध किया गया। उल्लेख करना है कि उक्त अभ्यर्थियों के समान अन्य प्रकरण मा0 आयोग के निर्णय के अनुपालन निस्तारण किए जाने के उपरान्त उक्त अभ्यर्थी की पुनः चयन संस्तुति की गई है। उक्त अभ्यर्थी का डोजियर पूर्व में ही आयोग के पत्र दिनांक 15—07—2021 के द्वारा आपको प्रेषित किया जा चुका है।
- उक्त तालिका के **क्रमांक—12** पर अंकित अभ्यर्थी की राजकीय पॉलिटेक्निक उत्तरकाशी से उत्तीर्ण सिविल इंजीनियरिंग के अन्तिम सेमेस्टर की अंकतालिका में अंकित तिथि विज्ञापन अवधि के उपरान्त होने के दृष्टिगत उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद से अन्तिम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित होने के संदर्भ में आयोग के द्वारा पृच्छा की गई। सचिव उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा सिविल इंजीनियरिंग के अन्तिम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम दिनांक 24 जुलाई, 2020 को घोषित किए

जाने का प्रमाण पत्र जारी किया गया है, जिसके आधार पर उक्त अभ्यर्थी की चयन संस्तुति की गई है। कृपया अपने स्तर से भी उक्त प्रमाण पत्र की पुष्टि करने का कष्ट करें।

अतः सादर अवगत कराना है कि आयोग द्वारा आवेदन पत्र केवल ऑन लाइन भराए जाते हैं व आवेदन पत्र के साथ शैक्षिक अर्हता आदि प्रमाण पत्र संलग्न करने की आवश्यकता नहीं होती। आयोग द्वारा अभिलेखों का सत्यापन केवल इस दृष्टि से किया जाता है कि अभ्यर्थी की चयन हेतु सहमति का पता चल सके व साथ ही आवेदन पत्र में उल्लिखित न्यूनतम शैक्षिक अर्हताओं के प्रमाण पत्र अभ्यर्थी के पास उपलब्ध हैं या आवेदन पत्र में असत्य सूचना दी गई है, का ज्ञान हो सके। आयोग द्वारा किए जाने वाले अभिलेख सत्यापन में इन प्रमाण पत्रों की वैधता आदि का परीक्षण नहीं किया जाता है।

उक्त चयनित अभ्यर्थियों के द्वारा सिविल इंजीनियरिंग में प्रस्तुत डिप्लोमा प्रमाण पत्रों को जारी करने वाली संस्था की मान्यता/वैधता पुष्टि कराने के उपरान्त ही नियोक्ता द्वारा नियुक्ति के सम्बन्ध में नियमानुसार कार्यवाही की जाय। कृपया नियोक्ता के स्तर पर इस बिन्दु को देख लिया जाय। यह भी अवगत कराना है कि इस चयन के संबंध में वर्तमान तक आयोग कार्यालय में कोई वाद मा0 न्यायालय से प्राप्त नहीं हुआ है और न ही कोई आदेश मा0 न्यायालय से प्राप्त है। कृपया नियोक्ता के स्तर पर इस बिन्दु को भी देख लिया जाय।

उक्त के अतिरिक्त यह भी सूच्य है कि कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) (पद कोड–131 व 532/214/24/2020) के अवशेष पदों पर चयन प्रक्रिया गतिमान है। शीघ्र ही अवशेष पदों की चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त शेष पदों पर चयन संस्तुति प्रेषित की जायेगी। साथ ही कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) (पद कोड–131 व 532/214/24/2020) के समस्त पदों पर चयन संस्तुति प्रेषित किए जाने के उपरान्त अभ्यर्थियों के **Finel SELECT AS** की सूची आपको बाद में प्रेषित की जायेगी।

अतः अनुरोध है कि सम्बन्धित पद की सेवा नियमावली के अनुसार उपरोक्त अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन में प्राप्त अभिलेखों का अन्तिम रूप से सत्यापन, वैधता परीक्षण तथा आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए सम्बन्धित अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता से पूर्णतः सन्तुष्ट होने के पश्चात् ही उपरोक्त सूची में अंकित चयनित अभ्यर्थियों को शासकीय नियमों के अन्तर्गत नियुक्ति प्रदान करने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करते हुए कृत कार्यवाही से आयोग को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

**संलग्नक– डोजियर (11)**

भवदीय,

9/7/9

**(संतोष बडोनी)**
सचिव